क्रिकेट | स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

# जूनियर सिद्ध बाबा-खालसा वॉरियर्स टीम विजयी



**नवभारत,जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए। पहले मैच में अवश्री 11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। टीम जूनियर सिद्ध बाबा ने निर्धारित 10 ओवरों में 137 रन बनाए। जिसमें जूनियर सिद्ध बाबा के हीरा ने 29 बॉल में 65 रन बनाए। दूसरी पारी में अवश्री 11की टीम 10 ओवर में मात्र 64 रन ही बना सकी और मैच हार गई। वहीं दूसरे मैच में खालसा वॉरियर्स की टीम ने टॉस जीतकर विपक्षी टीम नर्मदा 11 वीएफजे को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

नर्मदा 11 वीएफजे की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों मे 7 विकेट खोकर 80 रनों का स्कोर बनाया। मैच की दूसरी पारी में खालसा वॉरियर्स की टीम ने मात्र 5.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 81 रन बनाकर मैच जीत लिया। खालसा वॉरियर्स के सन्मीत ने 22 बॉल में 46 रन बनाए। इस प्रकार यह मुकाबला खालसा वॉरियर्स की टीम ने 10 विकेट से जीत लिया। पहले मैच के मैन ऑफ द मैच हीरा और दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच सन्मीत रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के ज्ञान प्रकाश शर्मा ,राजेंद्र पटेल, सुबोध खरवार, सुनील शर्मा ,अखिलेश पटेल उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका निखिल यादव , जसवंत रावत ,कमलेश तिवारी, मुकेश मैडी ने निभाई। कमेंटेटर के रूप में सुनील खत्री एवम चंद्रमणि रहे। इस मौके पर यूनियन के आनंद शर्मा, राकेश शर्मा, राकेश रंजन,अनिल गुप्ता,धर्मेंद्र रजक, जीवन सिंह , जितेंद्र पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए है पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग

**भाजपा जबलपुर ग्रामीण का दो दिवसीय वर्ग शुरू**

**नवभारत,जबलपुर।** पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत भाजपा जबलपुर जिला ग्रामीण का दो दिवसीय वर्ग का प्रारम्भ कृष्णनम रिसोर्ट पाटन बायपास के समीप किया गया। वर्ग के प्रथम दिवस 7 सत्र आयोजित किये गए जिसमे विषय वक्ताओं ने ग्रामीण जिले के अपेक्षित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया। वर्ग को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं की विचारशीलता, क्षमता और समर्पण से ही मजबूत होता है। एक सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन को सशक्त बनाने का मूल आधार है। संगठन कार्यकर्ताओं के व्यक्तिव निर्माण के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता है।

**पार्टी के विषयों पर आयोजित किए गए सत्र**

ग्रामीण जिले के प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस पार्टी द्वारा तय विषयों पर सत्र आयोजित किये गए। उद्घाटन सत्र में भारतमाता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन विधायक सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, मनीषा सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, पूर्व विधायक नंदनी मरावी ने दीप प्रज्वलन्न किया। उद्घाटन सत्र के उपरांत अतिथियों ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वर्ग की प्रस्तवाना ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने रखी। प्रथम दिवस के सत्रों को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, तीर्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, मप्र अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष कैलाश जाटव, पूर्व सांसद नीता पटेरिया, पूर्व विधायकरमेश भटेरे, पूर्व महापौर कटनी शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष सिवनी मौसम बिसेन ने सम्बोधित किया।



# महाराष्ट्र व्यायाम शाला में 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आगाज

**नवभारत,जबलपुर।** आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान द्वारा महाराष्ट्र व्यायाम शाला में 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष आदेश सिंह एवं सचिव रजनीश यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

6 मई से 28 मई 2025 तक आयोजित इस कार्यशाला में 20 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिन्हें नाट्य कला के विभिन्न आयामों जैसे शरीर संचालन, संवाद अदायगी, भाव-भंगिमा, स्वर, लय तथा मंचीय अनुशासन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के सदस्य एवं रंगकर्मी शिवांगी सिंह, अनमोल द्विवेदी, जय साहू, अनुश्री, शिखर श्रीवास, मोहित शर्मा, देवांश त्रिवेदी, निखिल पटेल, देवांश शुक्ला, काव्यकांत खरे आदि उपस्थित थे। संस्थान के अनुसार, इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में रंगमंच के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी सृजनात्मक क्षमताओं को निखारना है।

नशेड़ियों ने श्वान को जिंदा जलाया, पशु प्रेमियों में आक्रोश

फोटो सिग्नल

जबलपुर। केंट थाना अंतर्गत सदर क्षेत्र स्थित मेहंदी बाग ग्राउंड में इंसानियत को शर्मसार कर नशेड़ियों ने एक काले रंग के बेजुबान श्वान को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना ने पशु प्रेमियों में आक्रोश है।

जानकारी अनुसार मेहंदी बाग ग्राउंड लंबे समय से नशेड़ियों, चरस, गांजा और अफीम का सेवन करने वाले संदिग्ध युवकों का अड्डा बन चुका है। शनिवार को नशेड़ी गैंग ने अपनी सनक में एक मासूम बेजुबान को जिंदा जला दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना कैंट प्रभारी को मौके पर बुलाया गया और उनसे क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की कड़ी मांग की गई है इस अपराध के खिलाफ एनिमल्स ग्रुप, एनजीओ और समाज सेवी थाना घेरने की तैयारी

# सिकिलसेल-थैलेसीमिया मरीजों को मिला विशेषज्ञों से उपचार व परामर्श



**नवभारत,जबलपुर।** विश्व थैलेसीमिया दिवस 2026 के अवसर पर शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया एवं सिकिलसेल जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान, सतत चिकित्सा शिक्षा सीएमई एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन थैलेसीमिया जनजागरण समिति मध्यप्रदेश, थैलेसीमिया सिकिलसेल जनजागरण समिति एवं मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अतिथियों द्वारा किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में मरीज, अभिभावक, मेडिकल छात्र, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान मरीजों को आधुनिक उपचार, समय पर जांच एवं रोग से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान नोवो नॉर्डिस्क पराग सागर फाउंडेशन एवं पूर्णायु फाउंडेशन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस दौरान आयोजकों ने कहा कि थैलेसीमिया एवं सिकिलसेल जैसी बीमारियां अनुवांशिक होती हैं, इसलिए समय पर जांच, जागरूकता एवं सही परामर्श बेहद जरूरी है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की रही सहभागिता

कार्यक्रम में डॉ रूबी खान भोपाल एनएचएम, विनीता श्रीवास्तव दिल्ली एनएचएम ऑनलाइन, सीएमएचओ डॉ नवीन कोठारी, डॉ नवनीत सक्सेना, डॉ श्वेता पाठक, डॉ शरद जैन, डॉ मोनिका लाजरास, डॉ विकेश अग्रवाल, डॉ रानू मिश्रा, डॉ रविन्द्र विश्नोई, डॉ अमरदीप सिंह बंसल, डॉ शिशिर चिनपुरिया, डॉ रविन्द्र छाबड़ा आईसीएमआर एवं डॉ बी के यादव, डॉ के के वर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी एवं मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# 23-24 को जबलपुर में होगा साहू समाज का राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू सभा एवं मप्र तैलिक साहू सभा का राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आगामी 23 एवं 24 मई को जबलपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम की रुपरेखा के लिए मप्र तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मदन लाल साहू, अतिरिक्त महासचिव हितेश साहू, प्रदेश एवं राष्ट्रीय महिला मंडल की अध्यक्षा आभा साहू, की उपस्थिति में कचनार क्लब विजय नगर में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जबलपुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया तथा बैठक में 23 मई को मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के नवनियुक्त पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह एवं राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु 24 मई को अखिल भारतीय तैलिक साहू महा सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की कार्यक्रम व्यवस्था हेतु विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्णय लिया गया।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक का संचालन महासचिव अनिल कुमार साहू अकेला ने किया तथा आभार प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंडल आभा साहू ने किया। इस मौके पर जिला साहू समाज जबलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, राधेश्याम साहू, दीपक साहू, कैलाश साहू, पार्षद राहुल साहू, राजनैतिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीकान्त साहू, उमेश साहू ओज, उदयभान साहू, डॉ पुरुषोत्तम साहू, इंजी प्रदीप साहू, एम के गोल्हानी, रामखिलावन साहू, एड सुबोध कठर, सुधीर साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही।

# अतिथि शिक्षक को बर्खास्त करने पर रोक

**कटनी बीईओ सहित अन्य को नोटिस**



**नवभारत, जबलपुर।** परीक्षा नियम का उल्लंघन का आरोप लगाने के आरोप में अतिथि शिक्षक को सेवा से बर्खास्त करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने ब्लॉक एजुकेशन ऑफीसर कटनी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया कटनी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। कटनी निवासी कपिल बागरी की ओर से कहा गया कि शाला में परीक्षा के दौरान याचिकाकर्ता की ड्यूटी कक्ष क्रमांक एक में लगी थी। वहीं कक्षा क्रमांक दो में चीटिंग कराने की खबर आई तो याचिकाकर्ता ने प्राचार्य को बताया। दलील दी कि याचिकाकर्ता ने कोई दुर्व्यवहार नहीं किया, वह कक्षा में नकल की घटना का वीडियो बना रहा था। इसके बावजूद प्राचार्य ने याचिकाकर्ता और कक्षा क्रमांक दो के शिक्षक को सेवा से बर्खास्त कर दिया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

# यूपी शादी में गया था परिवार, घर में हुई चोरी

**नगदी और जेवरात समेत गृहस्थी का सामान ले गए चोर**

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गंगा मईया क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए पूजा घर में रखी नगदी, चांदी के जेवरात और सिलेंडर-मिक्सी जैसे सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात उस वक्त हुई जब पीड़ित परिवार उत्तर प्रदेश में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गंगा मईया दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास रहने वाले सब्जी विक्रेता रामहेतु मौर्य (42) 16 अप्रैल को अपने घर में ताला लगाकर रायबरेली (उत्तर प्रदेश) गए थे। 4 मई की सुबह करीब 7 बजे उनकी पड़ोसी रंजना विश्वकर्मा ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला है और ताला जमीन पर टूटा पड़ा है। खबर मिलते ही पीड़ित ने पड़ोसी से दूसरा ताला लगवाया और खुद वापस जबलपुर लौटे।

**पूजा घर की पेटी से चोरी हुई नगदी और चांदी**-पीड़ित रामहेतु बीती रात घर पहुँचकर देखा तो कमरों के अंदर का नजारा अस्त-व्यस्त था। चोरों ने अंदर के कमरों के ताले तोड़कर पूजा घर में रखी एक छोटी पेटी का कुंदा काट दिया था। पेटी में रखे 30,000 रुपये नगद, 100 ग्राम चांदी की पायल और चांदी की दो चूड़ियां गायब थीं।

# सिंचाई विभाग के कर्मचारी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**जर्जर दीवार गिरने से हुई मजदूर की मौत का मामला**




**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत ग्राम मनकेड़ी में पुरानी बिल्डिंग से ईंटें निकालने के दौरान दीवार गिरने से एक मजदूर की मलबे में दबकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद सिंचाई विभाग के कर्मचारी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम मनकेड़ी 40 क्वार्टर निवासी छोटेलाल झारिया ने सूचना दी थी कि वह और उसका साथी धनीराम झारिया (50) नरहर पटेल के यहाँ मजदूरी और ट्रैक्टर चलाने का काम करते थे। 22 मार्च को सुबह करीब 9 बजे, वे दोनों नरहर पटेल के निर्देश पर फील्ड रेस्ट हाउस के पास स्थित पुराने क्वार्टरों से ईंटें बटोरने गए थे। काम के दौरान अचानक एक जर्जर दीवार भरभराकर धनीराम के ऊपर गिर गई थी। मलबे में दबने के कारण धनीराम के चेहरे और पैरों में गंभीर चोटें आईं थी। साथी मजदूर छोटेलाल उसे तुरंत ट्रैक्टर से घर लेकर पहुँचा और एम्बुलेंस को फोन किया, लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही धनीराम ने दम तोड़ दिया था।

**जांच में उजागर हुई लापरवाही**

मर्ग जांच के दौरान मृतक के परिजनों और साक्षियों के बयानों से यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी नरहर पटेल, जो स्वयं सिंचाई विभाग में कार्यरत है, ने मजदूरों को जोखिम भरी जर्जर इमारत में काम पर लगाया था। जांच में पाया गया कि इमारत अत्यधिक पुरानी और खतरनाक स्थिति में थी। मजदूरों को काम के दौरान कोई भी सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट या जैकेट उपलब्ध नहीं कराए गए थे। बिना किसी तकनीकी देखरेख के लापरवाही पूर्वक ईंटें निकलवाई जा रही थीं।

# कुलगुरु और कुलसचिव के बीच मारपीट, कैंपस में जमकर तोड़फोड़

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा स्थित महाकोशल यूनिवर्सिटी में कुलगुरु डॉ. आर.सी. मिश्रा और कुलसचिव डॉ. रामप्रकाश चौबे के बीच उपजा विवाद मारपीट तकपहुंच गया। कैंपस में जमकर तोड़फोड़ भी की गई। सूत्रों के अनुसार हंगामे की शुरुआत विश्वविद्यालय के कर्मचारी रामेश्वर रघुवंशी और फार्मेसी विभाग के शिक्षक अमन शुक्ला के बीच हुए विवाद से हुई। आरोप है कि इस दौरान कुलसचिव रामप्रकाश चौबे को धमकाया गया, जिसके दबाव में आकर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, बाद में उन्होंने पुलिस को बताया कि यह इस्तीफा उनसे जबरन लिखवाया गया था। यूनिवर्सिटी में गहराते संकट को देखते हुए कुलाधिपति डॉ. अनिल तिवारी ने बीच-बचाव की कोशिश की और दोनों पक्षों की एक साझा बैठक बुलाई। लेकिन सुलह की यह कोशिश नाकाम रही। बैठक के दौरान ही कुलगुरु और कुलसचिव गुट के समर्थक आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते शांतिपूर्ण बैठक गाली-गलौज और मारपीट में तब्दील हो गई। आक्रोशितजनों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में कुर्सियां, कांच और अन्य फर्नीचर तोड़ डाले। कुलगुरु और कुलसचिव ने भी एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि कुलगुरु और कुलसचिव दोनों ने एक-दूसरे पर मारपीट और अभद्रता के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज कर ली हैं। थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार कार्रवाई की जाएगी।

# दंत चिकित्सा शिविर में छात्र-छात्राओं के दांतों की हुई जांच

**रादुविवि के वैदेही स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर**



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, वैदेही स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को राष्ट्र सेविका समिति (आयुध भाग) के तत्वावधान में दंत चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विवि प्रभारी कुलगुरु प्रो. राकेश बाजपेयी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहते हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और छात्र-छात्राओं के कल्याण के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं।

शिविर के दौरान दंत चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों के मौखिक स्वास्थ्य की जांच की। उन्हें दांतों की सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल, विवि स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी प्रो. सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

शिविर के दौरान जिन छात्र-छात्राओं के दांतों में समस्या पाई गई, उन्हें उचित उपचार और परामर्श भी प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भी इस शिविर का लाभ उठाया । आयोजन में राष्ट्र सेविका समिति की प्रान्त सेवा प्रमुख डॉ. क्षमा मांडवेकर, राष्ट्र सेविका समिति की गीता सेलानी, राजनी लोन्धे, प्रीति गोरे, गीता खेत्यानी, कंचन यादव, डॉ. श्रुति शैलानी, सुश्री मेघा पवार ,साधना चौबे मौजूद रहीं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.सू.क्र./05/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2026 | डिण्डौरी, दिनांक : 30/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अंतर्गत हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेंट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 01/05/2026 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 15/05/2026 शाम 17:30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | ई-निविदा क्र. | नि.सू. क्र. | वि.खं./ जिला | विवरण | अनुमानित (PAC) (रू. लाख में) | धरोहर (PAC) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PHED_504555_1 | 05 | डिण्डौरी | Piped Water Supply Scheme in **Eklavya Adarsh Awasiya Vidhyalaya Dindori Block Dindori District-Dindori** | 16.92 | 33840.00 | 2000.00 | प्रथम आमंत्रण |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
डिण्डौरी (म.प्र.)

जी-12614/26

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता